CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 75 ▫ रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

**हादसों का दिन**

## तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने दो महिलाओं को रौंदा, मौके पर हुई मौत



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** गौरेला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को एक अनियंत्रित पिकअप कैंपर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 6ः15 बजे की है। गौरेला सारबहरा रोड निवासी बेला बाई पनसारी और सुशीला वर्मा रोज की तरह सुबह सैर के लिए निकली थीं। जब वे आईटीआई सेमरा के पास मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप कैंपर वाहन (क्रमांक एमपी 21 जी 0992) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप की टक्कर से दोनों महिलाएं लगभग 15 से 20 फ़ीट तक उछल कर दूर जा गिरीं। महिलाओं को रौंदने के बाद पिकअप पास में खड़ी एक बस से जा टकराई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सनत मात्रे ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दोनों मृतकाओं के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया है।

उपनिरीक्षक सनत रात्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आईटीआई सेमरा के पास यह हादसा हुआ। दो महिलाएं, बेला बाई और सुशीला वर्मा मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार कैंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना में गाड़ी का हेल्पर संदीप यादव घायल हो गया। वहीं फरार चालक लल्लू की तलाश की जा रही है। कैंपर वाहन कोरबा से कटनी कैमूर जा रही थी। इस हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष और दुख है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार अक्सर मासूमों की जान ले लेती है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ड्राइवर की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी जबरदस्त टक्कर, दो की मौत, एक घायल



**धमतरी 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** पुरूर के पास ग्राम उसरवारा के स्कूल चौक में एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, फूलचंद कुंजाम 34 वर्ष, जो हेमाली का काम करता था, और लोकेश मांडवी 39 वर्ष पुरूर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान ऊसरवारा स्कूल चौक के पास एक ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक तीसरा व्यक्ति भी घायल हुआ, जिसे हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा तत्काल गुरुर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे धमतरी रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वरदान परामर्श सेवा समिति के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और मृतकों के शव को गुरुर मर्चुरी पहुंचाने में सहयोग किया।

### भिलाई स्टील प्लांट में आग लगने से हड़कंप, कर्मचारियों ने बिल्डिंग से छलांग लगाकर बचाई जान, 7 घायल

**दुर्ग, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** भिलाई स्टील प्लांट के पावर प्लांट-2 में आग लगने की घटना 7 बीएसपी कर्मचारी घायल हुए. घटना से जुड़ा एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदते नजर आ रहे हैं. एक संविदा कर्मचारी का पैर फ्रैक्चर हो गया है. 10 कर्मचारियों ने अपनी जान बचा ली. घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है। यह घटना 7 अप्रैल की है. वायरल हो रहे वीडियो में आग और धुएं के गुबार के बीच कर्मचारी बचने के लिए खिड़की से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं. कुछ कर्मचारी पाइप से लटककर नीचे उतरे, कुछ को कर्मचारियों ने मदद कर नीचे उतारा. हालांकि, फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया. घायलों का इलाज जारी है।

### फिर पलटी सवारियों से भरी पिकअप 15 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** एक बार फिर ग्रामीणों से भरा मालवाहक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें मालवाहक में सवार 45 मजदूरों में से करीब 15 गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को बेहतर उपचार के लिए बीजापुर जिला अस्पताल से जगदलपुर रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, यह बड़ा हादसा बीजापुर जिले के ब्लॉक भोपालपट्टनम के ग्राम सोमनपल्ली के पास सुबह 6 बजे घटित हुआ. गाड़ी में सवार भोपालपट्टनम ब्लॉक के पेंटागुड़ा व बारेगुड़ा, दममुर गाँव के लगभग 40-45 ग्रामीण मिर्च तोड़ने महाराष्ट्र जा रहे थे।

## एक बजे तक असम में मतदान 60 प्रतिशत के पार केरल-पुदुचेरी में भी 50 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

### असम सीएम हिमंता ने पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के साथ किया मतदान



**नई दिल्ली, 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** दो राज्यों असम और केरल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में आज विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी हैं। दोनों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एक ही चरण में मतदान कराए जा रहे हैं। असम में 126, केरल की 140 और पुदुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। असम, केरल, पुदुचेरी राज्यों में विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतदान की प्रक्रिया जारी है। दोपहर एक बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, असम में सबसे अधिक 59.63 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुदुचेरी में 56.83 प्रतिशत और केरल में 49.70 प्रतिशत वोट पड़ चुके हैं। केरल की 140, असम की 126 और पुदुचेरी की 30 सीटों पर जनता अपने भविष्य का फैसला कर रही है।

असम के मुख्यमंत्री और जलुकबारी से उम्मीदवार हिमंता बिस्वा सरमा ने अपनी पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा और बच्चों के साथ कामपुर के एक मतदान केंद्र पर असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपना वोट डाला। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने जीत पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा, 100 प्रतिशत जीत तय है। आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में राजस्थान रॉयल्स टीम के कप्तान रियान पराग ने भी गुवाहाटी के एक मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रियान गुवाहाटी के खारगुली में लाल सिंह अकादमी पोलिंग स्टेशन पर मतदान करने पहुंचे।

केरल विधानसभा चुनाव के लिए तिरुवनंतपुरम में अपना वोट डालने के बाद सीपीआई के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने एलडीएफ की बड़ी जीत का दावा किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, पूरे राज्य से खबरें आ रही हैं कि मतदाता एलडीएफ को वोट देने के लिए उमड़ रहे हैं। केरल में कांग्रेस और भाजपा के अपवित्र गठबंधन को हराना होगा। मेरी जनता से अपील है कि वे एलडीएफ को वोट दें क्योंकि यही उम्मीद है और यही वह राजनीतिक शक्ति है जो धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, संघवाद की रक्षा करेगी और देश के गरीबों के लिए खड़ी होगी।

### असम में चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी की मौत

असम विधानसभा चुनाव के बीच सोनितपुर जिले के नदुआ निर्वाचन क्षेत्र में तैनात एक मतदान अधिकारी मृत पाए गए। मृतक का नाम देबेन होरो था और उनकी उम्र 45 वर्ष थी। वह डोलापानी एलपी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 230 पर दूसरे मतदान अधिकारी के रूप में तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि देबेन होरो आज सुबह अपने बिस्तर पर बेहोश मिले थे। जिसके बाद उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत का असली कारण अभी साफ नहीं है। हालांकि, डॉक्टरों को किसी पुरानी बीमारी का शक है। देबेन होरो चारीद्वार क्षेत्र के रहने वाले थे और एक सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षक थे। इस घटना का मतदान पर कोई असर नहीं पड़ा। बूथ पर सुबह 7 बजे तय समय पर वोटिंग शुरू हुई। प्रशासन ने उनकी जगह एक आरक्षित कर्मचारी को तैनात कर दिया है। असम की 126 सीटों पर शाम 5 बजे तक मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दिल्ली दौरे से लौटे सीएम साय, कहा- प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात, नक्सलवाद की समाप्ति के लिए धन्यवाद

**रायपुर, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई. नक्सलवाद की समाप्ति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया. 4 दशकों के नक्सलवाद से बस्तर मुक्त हुआ है, वहां अब विकास कार्य किस तरह किए जाएंगे, इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को दी।



मुख्यमंत्री साय ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात हुई. वहीं असम के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति रहेगी. असम में सरकार बनेगी. भाजपा के लिए अच्छी स्थिति है। बता दें कि मुख्यमंत्री साय अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट सौंपा है।

### गांव में घुसा तेंदुआ ग्रामीणों के भगाने के दौरान कुएं में गिरा, वन अमले ने किया रेस्क्यू

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** वनमंडल मनेंद्रगढ़ के उपवनमंडल जनकपुर अंतर्गत बीट बरछा क्षेत्र में एक तेंदुआ भोजन की तलाश में रिहायशी इलाके में प्रवेश कर गया।



अचानक तेंदुए के गांव में घुस आने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान वह खेत में बने एक गहरे कुएं में गिर गया।




**चूहा- ये कैसा सीजफायर है इजरायल ने लेबनान पर हमला जारी रखा है।**

**चुहिया- हां जी, पाकिस्तान की मध्यस्थता वाली सीजफायर है..!**

## प्राचार्यों को गूगल विशेषज्ञ देंगे 'ज्ञान'

### मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा- छत्तीसगढ़ के बच्चों को बारहखड़ी से लेकर एआई तक की मिलेगी शिक्षा




**रायपुर, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में शिक्षा का तरीका भी बदल रहा है. इस दौड़ में छत्तीसगढ़ के बच्चे पीछे न रह जाएं इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग गूगल के साथ मिलकर तैयारी में जुटा है. इस कड़ी में आज आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक के साथ कार्यशाला होने वाली है, जिसमें गूगल के विशेषज्ञ प्राचार्यों को नई तकनीक से अवगत कराएंगे।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बैठक और कार्यशाला के संबंध में कहा कि शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर करने पर जोर है. एआई बेस्ड एजुकेशन आने वाला है, उसकी तैयारी में विभाग लगा हुआ है. आने वाले समय में बारहखड़ी से लेकर ढ्ढ तक की जानकारी बच्चों को रहेगी. ऐसे में एआई तकनीक से प्रशिक्षण देने आज गूगल के विशेषज्ञ आ रहे हैं।

शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि 15 अप्रैल से 15 जून तक शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू होगा. 16 जून से जब बच्चा आए तो उसको सब आवश्यक संसाधन मिले, इसके लिए विभाग ने सभी तैयारियों को जारी रखा है।

वहीं प्राइवेट स्कूल की बुक्स को लेकर वेंडर की मनमानी पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि बहुत सारे संस्थाओं से शिकायत आई है. ज्यादा रेट में बेचने की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है. जहां-जहां गड़बड़ी होगी, वहां वहां कार्रवाई करेंगे. सारे जिला शिक्षा अधिकारी जांच कर रहे हैं, कई जगह पर छापा पड़ा है. निर्देश दिए गए हैं कि कहीं भी सुनाई में भी आए तो स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें।

12वीं बोर्ड के कल होने वाले हिंदी के पेपर की सुरक्षा को लेकर गजेंद्र यादव ने कहा कि जितनी सुरक्षा कर हम सकते हैं, हमने किया है. लास्ट टाइम भी किया था, अब भी कर रहे हैं. पिछली बार भी पेपर लीक नहीं हुआ था, सिर्फ शक के आधार पर किया गया था. इस बार हमने बहुत कड़ाई से सिस्टम तय किया है, कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी।

## मुख्यमंत्री साय के पहले ही युकां जिला अध्यक्ष ने कर दिया चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण, निगम प्रशासन पर लगाया यह आरोप



**अंबिकापुर, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** जिले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दौरे से ठीक पहले सियासी माहौल गरमा गया है. शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के आधिकारिक अनावरण से पहले ही युवा कांग्रेस सरगुजा जिला अध्यक्ष विकल झा के साथ कार्यकर्ताओं ने देर रात नारियल फोड़कर और माल्यार्पण कर प्रतीकात्मक अनावरण कर दिया।

युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन भाजपा नेता रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा के लिए भव्य तैयारियां कर रहा है, वहीं दूसरी ओर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा की अनदेखी की गई. उनका कहना है कि यह शहीद का अपमान है, और प्रतिमा स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। गौरतलब है कि आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोनों प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण करेंगे, लेकिन उससे पहले हुए इस घटनाक्रम ने प्रशासनिक तैयारियों और सियासत पर कई सवाल खड़े कर दिए. इसके साथ ही युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष स्तर के पदाधिकारी द्वारा स्वयं घटना को अंजाम दिए जाने पार्टी की शैली पर सवाल खड़े करता है।

## मंदिर हसौद में खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 2 चूना पत्थर खदानें सील, 7 हाइवा भी किए जब्त



**रायपुर/आरंग, 9 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** आरंग विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए मंदिर हसौद में बड़ी कार्रवाई की है। सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव के नेतृत्व में टीम ने दो चूना पत्थर (क्रेशर) खदानों को सील करने के साथ-साथ अवैध परिवहन में लगे 7 हाइवा वाहनों को भी जब्त किया है।

जांच के दौरान खदान संचालकों के पास आवश्यक दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए गए, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए खदानों को सील कर दिया गया। जिन खदानों पर कार्रवाई हुई, उनमें सीजी एग्रो फार्म (विपिन अग्रवाल एवं के.सी. अग्रवाल), मंदिर हसौद और जय कुमार बजाज, मंदिर हसौद शामिल हैं।

कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग की टीम ने क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन पर भी नकेल कसी। जांच में 7 हाइवा वाहन जब्त किए गए, जिनमें एक वाहन रेत से भरा हुआ और 6 वाहन गिट्टी (स्टोन) से भरे हुए पाए गए। बताया जा रहा है कि ये सभी वाहन बिना वैध दस्तावेज के खनिज का परिवहन कर रहे थे, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा था। विभाग ने सभी वाहनों को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल के निर्देशानुसार अब पूरे राज्य में खदान संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से करना अनिवार्य है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## कभी भी टूट सकता सीजफायर ! इजराइल की लेबनान में तबाही पर भड़का ईरान, फिर बंद किया होर्मुज़ का रास्ता



**नई दिल्ली, 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** मध्य-पूर्व में जारी तनाव के बीच अमेरिका, ईरान और इज़राइल के बीच अचानक दो हफ्ते का युद्धविराम हुआ। यह समझौता उस समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी थी कि अगर समझौता नहीं हुआ तो बड़ा सैन्य हमला किया जाएगा। इस दबाव के बाद तीनों पक्ष किसी तरह सीजफायर पर सहमत हुए। लेकिन यह राहत ज्यादा देर टिक नहीं पाई। युद्धविराम लागू होने के कुछ ही घंटों बाद फिर से हमलों की खबरें आने लगीं। खासतौर पर लेबनान में हालात बेहद खराब हो गए, जहां इज़राइल ने राजधानी बेरूत के कई इलाकों पर जोरदार बमबारी की। इन हमलों में एक ही दिन में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए।

इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया कि यह युद्धविराम हिज़्बुल्लाह के खिलाफ उनकी कार्रवाई पर लागू नहीं होता। यानी इज़राइल लेबनान में अपने हमले जारी रखेगा। यही वजह है कि युद्धविराम के बावजूद जमीनी हालात में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा। इधर ईरान ने भी बड़ा कदम उठाया। उसने दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग Strait of Hormuz को फिर से बंद कर दिया। यह वही रास्ता है जहां से दुनिया का करीब 20 प्रतिशत तेल गुजरता है।

### अमेरिकी सांसद की चेतावनीः ट्रंप का नाटो छोड़ने का प्लान 'गैरकानूनी', रूस-चीन उठा लेंगे फायदा!

अमेरिका में नाटो को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सख्त चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने बिना कांग्रेस की मंजूरी के नाटो से बाहर निकलने की कोशिश की, तो यह पूरी तरह गैरकानूनी होगा। यह बयान उस समय आया जब ट्रंप ने हाल ही में नाटो छोड़ने पर विचार करने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिका को इस सैन्य गठबंधन की जरूरत नहीं है और इस फैसले के लिए उन्हें कांग्रेस की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इन बयानों ने वाशिंगटन में चिंता बढ़ा दी है। सांसद कृष्णमूर्ति ने ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि नाटो से एकतरफा बाहर निकलना न केवल रणनीतिक रूप से गलत होगा, बल्कि मौजूदा कानून के खिलाफ भी है। उन्होंने साफ कहा कि ऐसा कदम अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करेगा और उसके दुश्मनों को फायदा पहुंचाएगा। उन्होंने 2024 के रक्षा कानून का हवाला देते हुए बताया कि कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति बिना कांग्रेस की मंजूरी के नाटो से बाहर नहीं निकल सकता। इसके लिए या तो सीनेट के दो-तिहाई सदस्यों की सहमति चाहिए या फिर संसद का विशेष कानून पास होना जरूरी है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जा रहे दिल्ली, राज्यसभा में अकेले ही लेंगे शपथ

**नई दिल्ली, 9 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** दो दशक तक बिहार की कमान संभालने वाले सीएम नीतीश कुमार आज दिल्ली जा रहे हैं। वह 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। इसके बाद जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का एलान कर देंगे। मुख्यमंत्री के तौर पर नीतीश कुमार का दिल्ली दौरा अंतिम माना जा रहा है। 20 साल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा से अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। आज दोपहर 3:40 बजे वह दिल्ली रवाना होंगे। 10 अप्रैल को वह राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। सीएम नीतीश कुमार के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। इसके लिए सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। खास बात यह है कि 10 अप्रैल को बिहार से केवल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही शपथ लेंगे। इनके अलावा बिहार से निर्वाचित हुए नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार खरमास बाद शपथ लेंगे। चर्चा है कि 16 अप्रैल को यह चारों नेता शपथ लें।



CMYK